प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में फ्रांस के दल द्वारा भ्रमण

पन्तनगर। 11 दिसम्बर 2024। डेफिया कार्यक्रम विश्वविद्यालय में पिछले पांच वर्षों से सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डेफिया फ्रांस से दो समन्वयक प्रो. क्रिस्टोफ ग्रोएल और प्रो. चैंटल डेस्प्रैट्स 9 दिसम्बर 2024 को विश्वविद्यालय में तीन–दिवसीय भ्रमण के लिए आए और आज उन्होंने कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान से मुलाकात कर कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। कुलपति द्वारा कार्यक्रम की सफलतापूर्वक संचालन के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भविष्य में भी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के आदान–प्रदान को बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय से 20 विद्यार्थी फ्रांस जाएंगे और अक्टूबर माह में 20 विद्यार्थी फ्रांस से पंतनगर विश्वविद्यालय में आएंगे। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक, डा. शिवा प्रसाद एवं निदेशक संचार, डा. जे.पी. जायसवाल उपस्थित थे।

1: कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान से मुलाकात करते प्रो. क्रिस्टोफ ग्रोएल और चैंटल डेस्प्रैट्स।

निदेशक संचार